हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 5 जुलाई 2025
[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 वर्ष 2047 तक विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा...



08 हरदा जिले के 652 विद्यार्थियों के खाते में लैपटॉप की...



## खबर संक्षेप

### मेला क्षेत्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण आज

**नर्मदापुरम।** नागद्वारी मेला 2025 में श्रद्धालुओं की सुविधाओं और व्यवस्थाओं की तैयारियों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपर कलेक्टर विकास एवं अध्यक्ष महादेव मेला समिति श्री सौजान सिंह रावत द्वारा मेला क्षेत्र का भ्रमण एवं निरीक्षण शनिवार को प्रातः 7:30 बजे से किया जाएगा। उक्त भ्रमण के दौरान जलगली, धूपगढ़, नागमूर्ति से पद्मशशेष, नागद्वार मंदिर काजरी मार्ग तक निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के लिए सर्व संबंधित अधिकारी एवं सहायक अधिकारियों को प्रातः 7 बजे ओल्ड होटल पचमढ़ी में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### रोजगार मेले के सौंपे गए दायित्व

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश शासन सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग एवं तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा युवाओं के लिए स्वरोजगार, रोजगार और अप्रेटिसशिप के लिए अवसर प्रदान करने के लिए युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 10 जुलाई को नर्मदा स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम में किया जाएगा।

### सीएम राइजिंग पवारखेड़ा सहित जिले के शासकीय स्कूलों में हुए कार्यक्रम

# जिले के 1812 मेधावी विद्यार्थियों के खाते में अंतरित हुई लैपटॉप की राशि

नर्मदापुरम में कक्षा 12वीं की परीक्षा में 75 प्रतिशत अंक लाने वाले प्रदेश के 94 हजार विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25 हजार रुपए की राशि दी गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा विद्यार्थी प्रोत्साहन-योजना अंतर्गत 'मा.शि. मंडल की इस वर्ष की कक्षा 12 वीं में 75 प्रतिशत या अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय करने हेतु प्रति विद्यार्थी 25 हजार की राशि 4 जुलाई को आयोजित कार्यक्रम में 'वन क्लिक' के माध्यम से बैंक खाते में अंतरित की गई। इसमें नर्मदापुरम जिले के 1812 विद्यार्थी शामिल हैं। मेधावी विद्यार्थी योजना के अंतर्गत यह राशि विद्यार्थियों के खातों में हस्तांतरित की गई। नर्मदापुरम में सुबह 11 बजे से सांदीपनि सीएम राइज स्कूल पवारखेड़ा में जिला स्तरीय कार्यक्रम शुरू हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में सांसद दर्शन सिंह चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया और जनपद पंचायत अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे शामिल हुए।



**ब्लॉकों में दी विद्यार्थियों को राशि**

| जिले के ब्लॉक | विद्यार्थी की संख्या |
|---|---|
| नर्मदापुरम | 554 |
| सिवनी मालवा | 242 |
| पिपरिया | 378 |
| बनखेड़ी | 219 |
| सोहागपुर | 164 |
| माखननगर | 175 |
| केसला | 80 |
| कुल योग | 1812 |

### जिले भर में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

केसला ब्लॉक में शासकीय सांदीपनी उमावि सुखतवा, सिवनी मालवा में शासकीय सांदीपनी उमावि सिवनी मालवा, माखननगर में शासकीय मॉडल स्कूल माखननगर, सोहागपुर में विवेकानंद स्कूल सोहागपुर, पिपरिया में शासकीय पीजी कॉलेज, बनखेड़ी में शासकीय सांदीपनी स्कूल बनखेड़ी में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम हुआ। इससे पूर्व मुख्य कार्यक्रम प्रदेश के मुख्य मंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में प्रातः 11:00 बजे से भोपाल से लाइव प्रसारण सभी हाई, हायर सेकेर्न्डी विद्यालयों में दिखाया गया।

# आबकारी विभाग ने की कार्रवाई 75 लीटर अवैध देसी शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना के अवैध शराब विक्रय के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी के अरविंद सागर के मार्गदर्शन में गुरूवार को गस्त के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 1 के तहत 3 प्रकरण कायम किए । आबकारी वृत नर्मदापुरम अ के सब्जी मंडी क्षेत्र , कोठी बाजार एवं मालाखेड़ी से देशी मदिरा बरामद की गई। जप्त देशी मदिरा 75 पाव, कुल 13.5 बल्क लीटर मदिरा जप्त कर आरोपी कृष्णा रैकवार पत्नी धर्मेंद्र निवासी कोठी बाजार एवं मधु पिता मोतीलाल बावरिया निवासी माला खेड़ी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही। जप्त अवैध शराब की अनुमानित कीमत 5625/- रुपए ।कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार पडरिया मुख्य आरक्षक रघुवीर निमोदा, दुर्गाप्रसाद मांझी,आरक्षक धर्मेंद्र बारंगे एवं गणपति बोबडे का योगदान रहा। कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी ।

### जन अभियान परिषद का स्थापना दिवस मनाया गया

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद का स्थापना दिवस जिला पंचायत सभागृह,जिला नर्मदापुरम में "स्वैच्छिकता पर्व" के रूप में उत्साहपूर्वक मनाया गया। परिषद के मूल मंत्र ॠसंगच्छध्वम संवदध्वम्ॠ की भावना के साथ यह पर्व प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर जन-सहभागिता और सेवा भावना को समर्पित रहा।

# उपार्जन : समर्थन मूल्य पर किसानों की मूंग खरीदी 7 जुलाई से, प्रशासन की तैयारी पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में मूंग और उड़द की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकारी खरीदी के लिए रजिस्ट्रेशन 5 जुलाई तक होंगे। वहीं 7 जुलाई से खरीदी शुरू होगी, जो 6 अगस्त तक चलेगी। अब तक लगभग 77 हजार किसानों ने मूंग बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। रजिस्ट्रेशन के लिए आधार कार्ड, नेशनलाइज्ड बैंक या जिला सहकारी केंद्रीय बैंक का खाता नंबर और आईएफएससी कोड, समग्र आईडी होना जरूरी है। यह खाता आधार से लिंक होना चाहिए। साथ ही भू-अधिकार लोन बुक की स्व-प्रमाणित फोटोकॉपी भी देना अनिवार्य है। प्रशासन द्वारा जिले में मूंग खरीदी केंद्र बनाने के लिए अभी तैयारी चल रही है शुक्रवार को मूंग खरीदी केंद्र बनने की संभावना है 7 जुलाई से जिले में मूंग की खरीदी शुरू हो जाएगी किसानों को इसके लिए स्लॉट बुकिंग करनी होगी इसके बाद ही वह समर्थन मूल्य पर अपनी फसल को बेच पाएंगे। उपसंचालक कृषि जेआर हेडाउ ने बताया किसान अपनी मूंग को बेचने के लिए पंजीयन करवा ले। पंजीकृत किसान ही समर्थन मूल्य पर निर्धारित केन्द्रों पर अपनी मूंग को बेच पाएंगे।

### मूंग खरीदी को लेकर किसान उत्सुक

शासन द्वारा मूंग खरीदी के निर्णय के बाद अब किसान उत्सुक हैं कि मूंग कितने क्विंटल प्रति हेक्टेयर खरीदी जावेगी एवं खरीदी केन्द्र कितनी दूरी पर होगा। क्योंकि पूर्व में देखा गया कि कई केन्द्र 20 से 25 किमी दूरी तक रहे हैं। जिससे किसानों को अपनी मूंग की फसल ले जाने में असुविधा हुई थी। चर्चा में है कि इस वर्ष प्रत्येक ब्लॉक में 2 खरीदी केन्द्र बनाए जा सकते हैं।

# प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए अनोखे तरीके से जताया विरोध

**श्री समर्पण श्री मां नर्मदा ने मां नर्मदा से की प्रार्थना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

श्री समर्पण श्री संस्था लगातार जन हितकारी मुद्दों को लेकर नगर पालिका प्रशासन से अलग-अलग तरीकों से अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रही है इन सब के बावजूद भी नगर प्रशासन द्वारा जनहितकारी मुद्दों पर कोई भी ठोस कदम नहीं उठा और ना नगर में किसी प्रकार के हमारी मांगों को लेकर कार्य दिख रहा है संस्था के स्वदेश सैनी ने बताया कि पिछले तीन महीनो से हम लगातार नगर की मूलभूत सुविधाओं के लिए नगर प्रशासन से मांग कर रहे हैं इसके बावजूद भी हमारी मांगों पर कोई काम नहीं किया जा रहा है इसके विरोध में हम कल शाम 4 ,30 बजे सेठानी घाट पर नगर प्रशासन की सद्बुद्धि हेतु मां नर्मदा से प्रार्थना करेंगे जल्द हमारी मांगों पर काम हो ऐसी मां नर्मदा से प्रार्थना कर नगर में आम नागरिकों को जल्द से जल्द इन सारी सुख सुविधाओं का फायदा हो ऐसा मां से निवेदन करें ।

### जूनोटिक बीमारी स्क्रब टायफस के संबंध में जागरूक किया

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश भोपाल के अनुसार विगत वर्ष 2024 में जूनोटिक बीमारी स्क्रब टायफस के प्रकरण राज्य के 15 जिलों विदिशा, उमरिया, सीवनी, सतना, रीवा, रतलाम, पन्ना, नीमच, नरसिंहपुर, मंडला, नर्मदापुरम, दतिया, छतरपुर, भोपाल व अशोकनगर में कुल 57 आउटब्रेक दर्ज किये गए हैं। अतः स्क्रब टायफस बीमारी की उपचार व रोकथाम हेतु जागरूकता आवश्यक है। स्क्रब टायफस बीमारी ओरिएंटिया टीसत्सुगमुशी नामक रिकेशियल जीवाणु से होती है, यह जीवाणु रोडन्ट-चूहों के ऊपर रहने वाले घुन के संक्रमित लार्वा मे पाया जाता है।

# हैप्पी मैरिज गार्डन में होगा 51 दिवसीय अखंड महायज्ञ

**नर्मदापुरम।** श्री दादाजी दरबार में संत शिवानंद महाराज के तत्वावधान में विशाल 51 दिवसीय अखंड महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। महायज्ञ हैप्पी मैरिज गार्डन, पुलिस लाइन के पास,नर्मदापुरम में होगा।

1008 पंडित दादाजी महाराज की कृपा व मां नर्मदा मैया के आशीर्वाद से श्री दादाजी दरबार में आगामी गुरुपूर्णिमा के पावन पर्व पर 10 जुलाई 2025 से 29 अगस्त 2025 तक 51 दिवसीय अखंड महायज्ञ एवं विशेष आध्यात्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। इस पावन आयोजन में श्रद्धालुजन प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में भाग ले सकेंगे। वहीं प्रतिदिन प्रातः 5:00 बजे, भजन-संकीर्तन व आरती, प्रातः 6:00 बजे से 11:00 बजे तक - पूजन, अभिषेक एवं दर्शन, प्रातः 11:00 बजे से प्रवचन व कथा, प्रातः 11:30 बजे से 3:00 बजे तक प्रसादी वितरण, शाम 4:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक भजन-संध्या, रात्रि 8:00 बजे - महाआरती व अखंड धूनी दर्शन, अखंड धूनी व अखंड ज्योति पूरे आयोजन के दौरान निरंतर प्रज्वलित रहेंगी।

# मंदिर के लिए भूमि दान करने पर डॉ शर्मा का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कालीबाड़ी निर्माण के लिए भूमि दान करने पर शहर के गणमान्य नागरिकों ने समेरिटंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर और जगन्नाथ मंदिर के ठाकुर राजा डा आशुतोष शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि डा शर्मा द्वारा शहर में धर्म के क्षेत्र में जो कार्य कराए जा रहे हैं वे निश्चित की प्रशंसनीय और अनुकरणीय हैं। उनका आभार व्यक्त करने वालों में विधायक विजयपाल सिंह, साधना मित्रा, अनिमेष चटर्जी, सुभाष घोष, प्रवीर दत्ता, आशीष घोष, डा राहा परिवार, सुब्रत गुप्ता, प्रकाश चंद्र उपाध्याय, सुनील रघुवंशी, संजीव डे राय, संजय सेलट, परितोष शर्मा, प्रेरणा रावत सहित अन्य लोग शामिल हैं।

# बिना अनुमति पूछताछ करने पहुंचे आरक्षकों को पुलिस अधीक्षक ने किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

दिल्ली से आए सराफा व्यापारी से बिना वरिष्ठ अधिकारियों की जानकारी के पूछताछ करना नर्मदापुरम पुलिस के चार आरक्षकों को महंगा पड़ गया। एसपी डॉ. गुरकरन सिंह ने शुक्रवार को बनखेड़ी थाना के दो, कोतवाली थाना के एक और साइबर शाखा के एक आरक्षक को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। जानकारी के अनुसार, मामला 30 जून की रात का है, जब दिल्ली से सोना लेकर आए व्यापारी रविंद्र वर्मा नर्मदापुरम की पुष्पक लॉज में ठहरे थे। इसी दौरान बनखेड़ी थाने के आरक्षक रामेश्वर उईके, गौरव तिवारी, कोतवाली थाना के आरक्षक विपिन ठाकुर और साइबर सेल के आरक्षक अभिषेक बिना अनुमति के दूसरे थाना क्षेत्र में पहुंचकर व्यापारी से पूछताछ करने लगे।

### शिकायत पर हुई कार्रवाई

शिकायत के बाद एसपी डॉ. गुरकरन सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चारों पुलिसकर्मियों को तत्काल सस्पेंड कर दिया और एसडीओपी पराग सैनी को जांच सौंपी। एसपी डॉ. सिंह ने बताया कि चारों पुलिसकर्मियों के खिलाफ गड़बड़ी की शिकायत मिली थी, जिसके आधार पर कार्रवाई की गई है।

एसडीओपी पराग सैनी ने बताया कि चार में से दो आरक्षक बनखेड़ी थाना से, एक कोतवाली थाना से और एक साइबर सेल से हैं। इन्होंने न सिर्फ दूसरे थाना क्षेत्र में आकर व्यापारी से पूछताछ की, बल्कि इसकी जानकारी किसी भी वरिष्ठ अधिकारी को नहीं दी थी। फिलहाल साइबर सेल के आरक्षक अभिषेक की भूमिका स्पष्ट नहीं हो पाई है, जिसकी जांच की जा रही है।

### अनवाश्यक परेशान किया

सूत्रों के अनुसार, पूछताछ के दौरान पुलिसकर्मियों ने व्यापारी को परेशान किया और रुपए की भी मांग की। इसके बाद व्यापारी को बस में बैठाकर रवाना कर दिया गया। अगले दिन व्यापारी ने पुलिस से इसकी शिकायत कर दी।

# नगर पालिका में नागरिकों की समस्याएं सुनकर किया गया त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नपा में शुरू की गई जनसुनवाई अब धीरे धीरे वृहत स्तर पर पहुंच रही है। जनसुनवाई में आए आवेदनों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई होने से नागरिक राहत महसूस कर रहे हैं। गुरूवार को एक आवेदक को तुरंत जन्म प्रमाण की त्रुटि सुधार कर दिया गया है तो आवेदक का खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने जनसुनवाई की सुविधा के लिए नगरपालिका परिषद को धन्यवाद दिया। आज जनसुनवाई मुख्य नगपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा की गई। गुरूवार को करीब 25 आवेदनों पर सीएमओ पटले द्वारा सुनवाई की गई। जिसमें प्रमुख रूप से जन्मप्रमाण पत्र, राशन, पेंशन प्रकरण, समग्री आईडी, नाली चौक होने की समस्या, जलभराव की समस्या सहित स्वच्छता संबंधी समस्याएं आई। जिनका यथोचित समाधान कर आवेदकों को संतुष्ट किया गया। जनसुनवाई के दौरान उपयंत्री आयुषी रिछारिया, दीक्षा तिवारी, रीना गुप्ता सहित स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी आदि समूचा स्टाफ उपस्थित रहा। आवेदक प्रदीप चौबे अपने बच्चे के जन्म प्रमाण में संशोधन कराने के लिए परेशान हो रहे थे। उन्हें बताया गया कि नपा में जनसुनवाई की गई है जिसमें आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जा रहा है।

# बच्चों की सर्वांगीण शिक्षा और कौशल विकास के उत्तम विकल्प उपलब्ध करा रहा प्रेरणा कान्वेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नवीन सत्र 1 जुलाई से सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में प्रारंभ हो गए हैं। वहीं शासन द्वारा स्कूलों में बच्चों के प्रवेश को लेकर उत्सव किया जा रहा है। इसी सिलसिले में शहर के प्रेरणा कान्वेंट स्कूल में नवीन विद्यार्थियों के लिए प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस दौरान नवीन प्रवेश विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रेरणा कान्वेंट स्कूल के संचालक ललित सोनी ने कहा कि उठो, जागो और श्रेयकर को प्राप्त करो। यह अमृत संदेश प्रेरणा कॉन्वेंट इंटरनेशनल स्कूल के शब्द-शब्द में प्रतिध्वनि हो रहा है और हमारा उद्देश्य है प्रत्येक बच्चे का सर्वांगीण विकास कर उसे सर्वोच्च शिखर तक ले जाये।

विद्यालय' विद्या का मंदिर होता है। जहां विद्या की देवी 'मां सरस्वती' के उपासक अर्थात विद्यार्थी ज्ञान की प्राप्ति के लिये जाते हैं। विद्यालय वह पवित्र स्थान है जहां अबोध बच्चों को अनुशासन, सच्चरित्रता एवं सभ्य नागरिक बनने की शिक्षा दी जाती है।

हर माता-पिता अपने बच्चों को अच्छा संस्कार और अच्छी शिक्षा देना चाहते हैं ताकि वह आगे चल कर सफल हो सकें, समाज में सम्मान हासिल कर सकें। इसलिए अच्छे संस्कार बचपन से डाले जाने चाहिए। अगर विद्या सफलता की चाबी है, तो नैतिक शिक्षा सफलता की सीढ़ी है। प्रेरणा कॉन्वेंट इंटरनेशनल स्कूल विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों के विकास हेतू धामिक, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय त्योहारों का आयोजन एवं सांस्कृतिक गतिविधियां होती है।

प्रेरणा स्कूली की प्रचार्या ने बताया कि इसी विचार को लेकर संस्थान अपने विद्यालय में अनेक प्रयास किए हैं जिनमें विद्यालय में उत्कृष्ट शिक्षा के साथ वो सभी सुविधाएँ प्रदान करता है जिसकी पालक कल्पना करते है।

विद्यार्थियों के ज्ञान को बढ़ाने के लिए ई-क्लास, ज्ञानवर्धक खिलौने, एक्टिविटी हॉल, ओडियो विडियो रूम, कम्प्यूटर लैब, साइंस लैब, लाइब्रेरी, अंग्रेजी भाषा विकास, हस्तलिपि सुधार, लेखन गति विकास, उच्चारण क्षमता विकास, वाद विवाद व भाषण का अभ्यास, स्किल डवलपमेंट क्लास, रिजनींग, देवलोपमेंट, परसोनालीटी देवलोपमेंट की कक्षाये, नर्सरी से 12वी तक कक्षाएं, विषयः- मैथ्स, साईस, बायोलॉजी, कॉमर्स विथ कम्प्यूटर, पीएचई, आपी, एग्रीकल्चर आदि की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं।

# स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आदर्श महिला क्लब के सदस्यों द्वारा स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर संगोष्ठि कर स्वामी के विचारों पर चिंतन किया। क्लब का अध्यक्ष नीरजा फौजदार ने कहा स्वामी भारतीय संस्कृति के महान प्रचारक थे। उन्होंने पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति का प्रचार किया। संरक्षक संध्या मंहत ने कहा स्वामी जी महान चिंतक थे। राष्ट्रीयता की अलख जगाते थे। सचिव श्वेता जैन ने स्वामी युवाओं के प्रेरणास्त्रोत है उनके विचारों से युवाओं को प्रेरणा मिलती है। उपाध्यक्ष नीता ओशीन ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने विश्व सभा में भारत का सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था। रचना मस्ते ने रहा उन्होंने रामकिशन मिशन की स्थापना की थी। अरमान जैन ने कहा कि स्वामी जी रामकृष्ण परमहंस के शिष्य थे। निधी जैन ने कहा उनका कथन हम सभी के लिये प्रेरणा देता है।

**जिले में अब तक 9 इंच बारिश हुई दर्ज**

# जिले में बारिश का दौर जारी, मौसम विभाग ने जताई दो दिन और तेज बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम में शुक्रवार सुबह से रिमझिम बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने शनिवार और रविवार को तेज बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, जिले में अब तक 9 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक बारिश नर्मदापुरम तहसील में 14.5 इंच हुई है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 24 डिग्री और अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा।

### होगी तेज बारिश

मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव ने बताया कि मौसमी सिस्टम सक्रिय होने से आगामी दिनों में बारिश की गतिविधियां जारी रहेंगी। बीते एक सप्ताह से मानसून सक्रिय है, जिसके कारण कभी बारिश तो कभी धूप का मौसम बना हुआ है। वहीं किसानों ने खेतों में धान रोपाई कार्य प्रारंभ कर दी है। वहीं लगातार बारिश होने से जिले में मक्का और सोयाबीन बोवनी पिछड़ रही है जबकि किसान बोवनी के लिए तैयार है।

## खबर संक्षेप

### विद्युत पेंशनर्स संघ की बैठक आज

**बैतूल।** विद्युत पेंशनर्स हितरक्षक संघ जिला शाखा बैतूल की मासिक बैठक आज 5 जुलाई को दोपहर 12 बजे कार्यालय अधीक्षण यंत्री, वृत बैतूल के परिसर में संपन्न होगी। बैठक में विशेष रूप से सेवा निवृत्त हो चुके कर्मचारियों एवं अधिकारियों की विभिन्न समस्याओं को सामने रखकर उनके निराकरण को लेकर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही माह मई और जून 2025 के दौरान जो कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं, उनका विधिवत सम्मान भी इस बैठक में किया जाएगा। विद्युत पेंशनर्स हितरक्षक संघ शाखा बैतूल के जिला अध्यक्ष आर. आर. वराठे ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और यदि किसी प्रकार की समस्या हो, तो वे उसे बैठक में आकर संघ के समक्ष प्रस्तुत करें।

### सामाजिक जन कल्याण समिति की बैठक आज

**बैतूल।** सामाजिक जन कल्याण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आज 5 जुलाई शनिवार को आयोजित की जा रही है। यह बैठक समिति के अध्यक्ष सूरजलाल मंडलेकर के निवास स्थान पटेल वार्ड सदर में सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगी। अध्यक्ष सूरजलाल मंडलेकर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में समिति की आगामी गतिविधियों, जनहित में प्रस्तावित योजनाओं, एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही समिति के कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने व जन सहयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष सुझावों पर भी विचार किया जाएगा। सूरजलाल मंडलेकर ने समिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से अपील की है कि वे समय पर बैठक स्थल पर उपस्थित होकर समिति की कार्यवाही में सक्रिय भागीदारी निभाएं। बैठक को सफल और रचनात्मक बनाने के लिए सभी से सहयोग अपेक्षित है।

### सुनील लाटा बैतूल और प्रियंका करचाम होंगी सारनी एसडीओपी

**बैतूल।** मध्यप्रदेश के गृह विभाग ने बैतूल के एसडीओपी पद की कमान पूर्व में जिले में पदस्थ रहे निरीक्षक सुनील लाटा को सौंपी है। बैतूल एसडीओपी शालिनी परस्ते का तबादला हरदा कर दिया गया है। तबादला सूची में सारनी एसडीओपी का कार्यभार प्रियंका करचाम को सौंपा गया है, जबकि सारनी में पदस्थ एसडीओपी रोशन जैन का तबादला भैरुंदा कर दिया गया है। उप पुलिस अधीक्षक अजाक बैतूल शिखा भलावी का तबादला कर एसडीओपी गंजबासौदा पदस्थ कर दिया गया है। रतलाम में पदस्थ नगर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश आर्मी को उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा बैतूल पदस्थ किया गया है।

### जिले के 1127 छात्रों को मिली लैपटॉप के लिए 25-25 हजार रुपए की राशि

# वर्ष 2047 तक विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा जिसका नेतृत्व हमारी बेटियां करेंगी: प्रभारी मंत्री

### प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने मेधावी छात्रों को वितरित की लैपटॉप की राशि





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने शुक्रवार को कुशुभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सभागार भोपाल से प्रदेश के 94 हजार 324 विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए 25-25 हजार की राशि का अंतरण किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के मुख्य आतिथ्य में जेएच कॉलेज में आयोजित हुआ। प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत लैपटॉप के लिए 25-25 हजार की राशि से जिले के 1127 छात्र लाभान्वित हुए हैं।

आयोजित कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने छात्रा अक्षिता मालवीय, नंदिनी राठौर, मयंक बेले, लक्ष्मी अतुलकर, स्वाति यदुवंशी, अनीशा बैरागी, लीना यादव, नेहा, रुचि वागद्रे, मानसी पवार को सांकेतिक रूप से चेक और प्रमाण पत्र का वितरण कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक आमला डॉ.योगेश पंडाग्रे, विधायक मुलताई चंद्रशेखर देशमुख, विधायक घोड़ाडोंगरी श्रीमती गंगाबाई उईके, अध्यक्ष जिला पंचायत राजा पवार, उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वतीबाई बारस्कर, जिला योजना समिति के सदस्य सुधाकर पवार तथा कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, अपर कलेक्टर राजीव नंदन श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल सिंह कुशवाहा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विवेक पांडे सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी और उनके अभिभावक उपस्थित रहें। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश की बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। ऑपरेशन सिंदूर में बेटियों ने अपने शौर्य और पराक्रम का अद्भुत परिचय देते हुए देश को गौरवान्वित किया है। नारी वंदन अधिनियम के तहत अब एक तिहाई सांसद और विधायक हमारी बेटियां होंगी। आज जेएच कॉलेज के सभागार में 75 प्रतिशत से अधिक बेटियां मौजूद हैं। जिसे देखकर मन बहुत प्रसन्न और गदगद हो रहा हैं। वर्ष 2047 तक भारत विकसित भारत बनेगा और इसका नेतृत्व हमारी बेटियां ही करेंगी।

#### अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करें: पटेल

प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में ही अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें। आप निश्चित ही सफल होंगे। किसी कारणवश अगर आप सफल नहीं होते हैं तो अपनी योग्यता और क्षमता का आंकलन कर उपयुक्त क्षेत्र में आगे बढ़े। इसके बावजूद भी सफलता हासिल नहीं होती है तो अपने माता-पिता के कार्यों में मदद करे। यह आपकी विरासत हैं इसमें आप शत प्रतिशत सफल होंगे। उन्होंने वीर शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, अशफ़ाकउल्ला खान, उद्यम सिंह, चापेकर बंधु इत्यादि वीरों को याद करते हुए कहा कि जिन स्वप्न के लिए इन वीरों ने अपने जीवन का बलिदान दिया हैं उस स्वप्न और संकल्प को पूरा करने की जिम्मेदारी भावी पीढ़ी की हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य और सुख समृद्धि के लिए शुभकामनाएं दीं।

#### शिक्षा से हम सपनों को साकार कर सकते है: पंडाग्रे

विधायक डॉ.पंडाग्रे ने लैपटॉप की राशि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम जिससे हम अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। हमारे विद्यार्थी इस महत्व को समझकर अच्छे परिणाम हासिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी खूब पढ़े और खूब महनत करें। विकसित भारत के निर्माण में भावी पीढ़ी की भूमिका सबसे अहम होगी। छात्रों के जीवन के उत्थान में कोई बाधा न आए इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार कृत संकल्पित हैं। विधायक श्री देशमुख ने कहा कि विद्यार्थियों की ज्ञान साधना को बढ़ाने में लैपटॉप उपयोगी साबित होगा। इसके महत्व को समझते हुए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा मेधावी छात्रों को लैपटॉप की राशि दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सबसे बड़ा धन है। जिससे आप अपने जीवन के साथ देश, समाज, धर्म और संस्कृति की रक्षा कर सकते हैं।

#### सरकार ने बाधाओं को दूर किया

जिपं. उपाध्यक्ष धुर्वे ने आदर्श विद्यार्थी के पांच गुण काकचेष्टा, बकोध्यानम, श्वान निद्रा, अल्पाहारी और गृह त्यागी गुण के महत्व के बारे में जानकारी दी और कविताओं के माध्यम से उन्हें भविष्य की बाधाओं से निपटने के प्रेरित किया। श्री पवार ने कहा कि पहले बेटियों को शिक्षा प्राप्त करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लेकिन स्कूल निर्माण, साइकिल वितरण, गणवेश वितरण, लैपटॉप वितरण, स्कूटी वितरण इत्यादि योजनाओं के माध्यम से मध्यप्रदेश सरकार ने इन बाधाओं को दूर किया हैं। जिससे बेटियां न केवल अच्छी शिक्षा ग्रहण कर रही हैं बल्कि हर क्षेत्र में देश को सफल नेतृत्व भी प्रदान कर रही हैं।

### सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों का निजीकरण बंद किया जाए

# मजदूर विरोधी श्रम कानूनों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान, पहले दिन गेट मीटिंग




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारणी

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड पाथाखेड़ा क्षेत्र में राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने संयुक्त मोर्चा ने शुक्रवार से कोयला खदानों पर द्वार सभा शुरू कर दी है। पहले दिन सभी खदानों और रीजनल वर्कशॉप पर संयुक्त मोर्चा के नेताओं द्वारा द्वार सभा कर साथी कामगारों को मजदूर विरोधी श्रम कानून से अवगत कराया और राष्ट्रव्यापी हड़ताल करने मजदूर संगठनों को क्यों मजबूर होना पड़ रहा है। इस विषय पर बारीकी से जानकारी दी।

संयुक्त मोर्चा के नेता संजय सिंह ने बताया शुक्रवार को हड़ताल के मुद्दे को लेकर स्थानीय प्रबंधन के साथ बैठक हुई है। जिसमें एच एम एस, एटक, सीटू और इंटक नेता मौजूद रहे। बैठक में श्रम संगठन के नेताओं ने प्रबंधन को जन जागरण कार्यक्रम की जानकारी दी। संगठनों की मांग है कि मजदूर विरोधी श्रम कानून को रद्द किया जाए, सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों का निजीकरण बंद किया जाए, न्यूनतम मजदूरी 26000 रुपए की जाए, पुरानी पेंशन स्कीम लागू की जाए, ठेकेदारी प्रथा बंद की जाए, राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी घोषित की जाए, महंगाई पर रोक लगाई जाए, खाली पदों पर नियुक्ति की जाए, बेरोजगारों को नौकरी दी जाए और निशुल्क शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधा महिया कराई जाए जैसी मांगे शामिल है।

#### खदानों और वर्कशॉप पर हुई गेट मीटिंग

4 जुलाई को पाथाखेड़ा क्षेत्र की तीनों भूमिगत कोयला खदानों और रीजनल वर्कशॉप में संयुक्त मोर्चा द्वारा गेट मीटिंग की गई। संयुक्त मोर्चा से प्राप्त जानकारी के अनुसार गेट मीटिंग तीनों पाली में की जा रही है। गेट मीटिंग का मुख्य उद्देश्य कामगारों को हड़ताल के प्रमुख बिंदुओ की जानकारी देना है। इसीलिए सभी खदानों पर 8 जुलाई तक तीनों पाली में गेट मीटिंग जारी रहेगी। गौरतलब है कि गेट मीटिंग से कोयला उत्पादन प्रभावित होता है। पाथाखेड़ा क्षेत्र में फिलहाल तीन कोयला खदानें हैं। जिसमें तवा वन, तवा टू और छतरपुर वन खदान शामिल है। इसके अलावा रीजनल वर्कशॉप यानी कि क्षेत्रीय कर्मशाला में भी गेट मीटिंग का दौर जारी है।

# बस और कंटेनर में टक्कर, खिड़कियां तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला

### 15 से ज्यादा यात्री घायल, कंटेनर चालक फरार, 3 बैतूल रेफर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल/मुलताई

मुलताई-नागपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रमंडल जोड़ के पास शुक्रवार सुबह 11.20 बजे एक निजी यात्री बस और एक कंटेनर के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में 15 से अधिक बस यात्री घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। हादसे के बाद यात्रियों की जान बचाने के लिए उन्हें खिडकियां तोडक़र बाहर निकालना पड़ा। वहीं घटना के बाद कंटेनर चालक मौके से वाहन छोडक़र फरार हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुलताई से बैतूल जा रही बस हाईवे क्रॉस कर रही थी, तभी नागपुर की ओर से आ रहे कंटेनर ने बस को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बस 20 फीट दूर जाकर सडक़ किनारे की रेलिंग में जा घुसी। कंटेनर 100 फीट तक फिसलता हुआ डिवाइडर पर चढ़ गया। हादसे में कई यात्री सीटों से गिर पड़े। कुछ यात्री टूटे शीशों से घायल हुए। कुछ लोगों को बचाने के लिए खिड़कियां तोडऩी पड़ीं। आसपास के ग्रामीण और दुकानदारों ने घायलों को बाहर निकालने में मदद की। कंटेनर चालक वाहन छोडक़र मौके से फरार हो गया। इस घटना के बाद मुलताई शासकीय और निजी अस्पताल से गंभीर हालत में राजेश, लोकेश साबले और अल्का उइके को बैतूल रेफर कर दिया है। वहीं अन्य यात्रियों को छुटपुट मामूली चोटे लगी थी, जो अस्पताल नहीं आए हैं। अपने साधन से बैतूल रवाना हुए हैं। इसके पहले सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से मुलताई के शासकीय अस्पताल में एडमिट कराया गया था। अस्पताल में डॉक्टर और नर्सों की टीम तैनात की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कंटेनर तेज गति से और लापरवाही से चलाया जा रहा था। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

#### प्रभारी मंत्री ने बस दुर्घटना में घायलों से की मुलाकात

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने शुक्रवार मुलताई के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती बस दुर्घटना के घायलों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी। इस दौरान मंत्री श्री पटेल ने घायलों का हाल जाना और उन्हें हर संभव बेहतर उपचार दिलाने का भरोसा दिलाया। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय पर घायलों को अस्पताल पहुंचाने और त्वरित उपचार व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गंभीर घायलों को आवश्यकतानुसार बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि उन्हें शीघ्र स्वस्थ किया जा सके। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने बस दुर्घटना की विस्तृत जानकारी ली और अधिकारियों को घटनास्थल पर सुरक्षा के सभी वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। ताकि ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति दोबारा न हो।

#### हादसे में यह हुए घायल



इस हादसे में ललिता पति अनिल निवासी सोनौली, जमुना पति भाऊराव निवासी मुलताई, प्रज्वल पिता नरेंद्र निवासी मुलताई, लोकेश पिता राज कौशल निवासी कामत, अनीता पति मुनिराज निवासी सादाबाद, भारत सिंह निवासी चिकली, राजेश निवासी तिवरखेड़ा, लोकेश साबले निवासी मुलताई, इंदिरा पति श्रीराम निवासी मुलताई, रेखा पति सुनील निवासी सवारी, प्रियांशी पिता राकेश निवासी बैतूल, सरिता पति श्रीराम निवासी पोहा, कमल पिता रंगलाल निवासी बागोड़ा, कल्पना पति विजय निवासी कामत और नंदन सिंह पिता लखन निवासी सुखा खेड़ी घायल हो गये।

### प्रभारी मंत्री ने ताप्ती मंदिर के किए दर्शन

# अस्पताल की सुधरेगी व्यवस्था डॉक्टर की कमी होगी पूरी: मंत्री



**मुलताई।** पवित्र नगरी में अधिवक्ता संघ के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने पहुंचे लोक स्वास्थ्य एवं प्रभारी मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बस दुर्घटना में घायल मरीजों को देखने को देखने पहुंचे, इसके उपरांत वह ताप्ती मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने मां ताप्ती की पूजा अर्चना कर मां ताप्ती का दर्शन लाभ लिया। प्रभारी मंत्री प्राचीन ताप्ती मंदिर भी गए, इस दौरान विधायक चंद्रशेखर देशमुख, उपेंद्र पाठक, दिनेश कलभोर आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें मां ताप्ती की छायाचित्र भेंट की इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गडेकर भी उनके साथ थी। प्रभारी मंत्री ने अस्पताल में डॉक्टरों की कमी के सवाल पर पत्रकारों से कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने इस बात पर ध्यान नहीं दिया कि जनसंख्या की तुलना में मेडिकल कॉलेज खोले जाए ताकि अधिक से अधिक डॉक्टर मिले। लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिले स्तर पर अनिवार्य रूप से मेडिकल कॉलेज प्रारंभ करने की, जो योजना क्रियान्वित की है, उसके चलते प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव के मार्गदर्शन में मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं। आने वाले भविष्य में डॉक्टरों की संख्या बढ़ेगी, तो डॉक्टरों की कमी की समस्या से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमने अस्पतालों में सेवा देने के लिए डॉक्टर को मुंह मांगा पैकेज देने की योजना भी बनाई है। जिसके चलते डॉक्टरों की पद स्थापना अस्पतालों में की जा रही है। आने वाले समय में डॉक्टरों की संख्या बढ़ेगी। प्रभारी मंत्री ने अस्पताल में जो जरूरी व्यवस्था की कमी है उसे सुधारने और सरकारी अस्पताल में रिक्त पदों पर डॉक्टरों की नियुक्ति करने का आश्वासन दिया। इसके उपरांत अधिवक्ता संघ के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हुए।

### तीन सदस्यी डॉक्टरों की टीम कर रही मामले की जांच

# रिश्वत कांड में डॉक्टर सहित पांच नर्सिंग स्टाफ को नोटिस



**बैतूल।** जिला अस्पताल में सीजर आपरेशन करने के लिए पांच हजार की राशि लिए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे ने महिला रोग विशेषज्ञ डॉ वंदना धाकड़ और पांच नर्सिंग स्टाफ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जांच में दोषी पाए गए तो संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की हो सकती है। जानकारी के मुताबिक आठनेर ब्लाक के ग्राम अंधेरबावड़ी निवासी जयदेव सेलुकर ने अपनी शिकायत में बताया कि 29 जून को जिला अस्पताल में प्रसव के लिए पत्नी संगीता को भर्ती किया गया। 1 जुलाई तक प्रसव नहीं हुआ। प्रसव के लिए पांच हजार रुपए की मांग की जा रही थी। पांच हजार देने के बाद सीजर आपरेशन किया गया। जयदेव सेलुकर ने डॉ वंदना धाकड़ पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। कार्रवाई के लिए आदिवासी युवकों ने गुरुवार शाम को अस्पताल परिसर में प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की। शिकायत पर सीएमएचओ डॉ मनोज हुरमाड़े ने तत्काल डॉ धाकड़ को मेटरनिटी वार्ड से हटा दिया है। सिविल सर्जन ने इस मामले में डॉ सहित पांच स्टाफ नर्सिंग को कारण बताओ नोटिस जारी किया और रिश्वत मामले में जवाब मांगा है। रिश्वत मामले की जांच के लिए तीन डाक्टरों की टीम बनाई है, जिसमें डॉ परिहार, डॉ रूपेश पदमाकर और शाहपुर के डॉ एसकें रघुवंशी शामिल है। इन तीनों सीनियर डॉक्टरों द्वारा रिश्वत मामले की जांच की जाएगी।

#### सिविल सर्जन ने महिला इकाई का किया निरीक्षण

सीजर आपरेशन के नाम पर पांच हजार रुपए लिए जाने के आरोप लगने के बाद शुक्रवार को सिविल सर्जन डॉ घोरे और आरएमओ डॉ रानू वर्मा ने महिला शिशु चिकित्सा इकाई का निरीक्षण किया और डाक्टरों और स्टाफ को निर्देश दिए हैं कि आपरेशन के लिए महिला और उनके परिजनों को किसी प्रकार से परेशान न किया जाए। किसी भी डॉक्टर और स्टाफ द्वारा परेशान किए जाने की जानकारी सामने आने पर संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। भर्ती गर्भवती महिलाओं और परिजनों से कहाँ गया कि सीजर के नाम पर किसी को भी पैसे न दिए जाए। अस्पताल में निशुल्क आपरेशन किए जाते हैं। अलग-अलग बयानों में उलझी जांच सीजर आपरेशन के लिए रुपए लिए जाने के संबंध में अलग-अलग बयांन सामने आने के बाद जांच टीम भी उलझी हुई है। शिकायतकर्ता जयदीप सेलुकर ने सीएमएचओ से की लिखित शिकायत में बताया कि नर्सिंग स्टाफ द्वारा आपरेशन के लिए पांच हजार रुपए लिए गए। जबकि प्रदर्शन के दौरान शिकायतकर्ता ने अधिकारियों से डॉ वंदना धाकड़ द्वारा राशि लिए जाने का आरोप लगाया है। शिकायकर्ता द्वारा कभी नर्सिंग स्टाफ तो कभी डॉक्टर को रुपए दिए जाने की बात कही जा रही है। इसमें जांच भी उलझते दिखाई दे रही है। शिकायतकर्ता के अलग-अलग बयान सामने आ रहे हैं। हालांकि इस मामले की जांच होने के बाद ही सच सामने आएगा।

#### नोटिस जारी किया है

डॉक्टर और पांच नर्सिंग स्टाफ द्वारा रिश्वत लिए जाने की शिकायत मिलने के बाद उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और इस मामले की जांच के लिए तीन डॉक्टरों की टीम भी गठित की है।
- **डॉ. जगदीश घोरे**, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल

# राज्य स्तर पर मॉडल स्कूल शाहपुर के छात्र अभिषेक का चयन



**शाहपुर।** इंस्पयार अवार्ड विज्ञान प्रदर्शनी में बैतूल जिले के शाहपुर तहसील के शासकीय मॉडल स्कूल बरबतपुर शाहपुर के कक्षा 12 वी में अध्ययनरत छात्र अभिषेक साहू पिता जगदीश साहू का का राज्य स्तर पर चयन हुआ। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य सुनील कुमार यादव और समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं ने छात्र को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मॉडल की मार्गदर्शक शिक्षिका समीक्षा परसाई शाहपुर के द्वारा छात्र को मॉडल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया।

बैतूल हेल्पलाइन संपर्क : 9425382122, 8839830267
B.ED.प्रवेश तृतीय चरण
बी. आर. अंबेडकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बैतूल
द्वितीय चरण में प्रवेशित छात्र/छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई/स्वागत। दि. 26 जून 2025 से 30/06/2025 तक आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों का सत्यापन कर दि. 26/06/2025 से 01/07/2025 तक निर्धारित शुल्क आनलाईन जमा कर प्रवेश निश्चित करें तथा कालेज आकर प्रवेश फार्म भरे। शेष रह गये छात्र/छात्राएं निराश न होवें, तृतीय चरण में आनलाईन पंजीयन एवं संस्था का चयन 25 जून 2025 से 30 जून 2025 तक करावें। आनलाईन दस्तावेजो का सत्यापन हेल्प सेंटर पर जाकर 26 जून 2025 से 01 जुलाई 2025 तक करायें। सीट आवंटन एवं प्रवेश शुल्क भुगतान की तिथि 05 जुलाई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक। प्रवेश परीक्षा नही। प्रथम च्वाईस में भीमराव रामराव अंबेडकर कालेज आफ एजुकेशन, बैतूल (कालेज कोड - BED823) ही लिखें। रिजल्ट - 20 वर्षो से EXCELLENT, अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति / अन्य पिछडा वर्ग को छात्रवृत्ति सुविधा शासन के नियमानुसार। मेडम या सर बनना निश्चित।
संपर्क - 9302846996, 9300974327, 9826231552, 9111788845

## सांदीपनि स्कूल में हुआ लैपटॉप राशि वितरण

पिपरिया। शहीद भगत सिंह महाविद्यालय परिसर में संदीप ने विद्यालय के द्वारा विकास खंड स्तरीय प्रतिभाशालीविद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत लैपटॉपवितरण कार्ययोजना का आयोजन किया गया जिसके माध्यम से मेधावी विद्यार्थियोंको प्रोत्साहित कर उनके खातेमे25000 प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा सिंगरौली मे एक क्लिक के माध्यम से भेजे गए। जिसके लिए कार्यक्रम का आयोजन किया मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को भी लाईव देखा एवं दिखाया गया अतिथियोकेद्वारा यहां पर भी चैक देकर कार्यक्रमका शुभारंभ कियागया तथा अतिथियोंके द्वारा बच्चोंके उज्जवल भविष्य की दिशा में एक सार्थक कदम बढ़ाया गया। बुद्धिमान और मेहनती बच्चों को सम्मानित कर समाज को संदेश दिया गया कि शिक्षा ही प्रकृति का मूल आधारहै। अतिथि एवं शिक्षकशिक्षिकाओ के के द्वारा बधाई एवं शभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल जनपद उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल सभी महिला पार्षद महिलामोर्चा की महामंत्री ममता नागवंशी एवं तमाम जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विकासखंड शिक्षा अधिकारी लाल रघुवंशी विद्यालय के प्राचार्य संजीव दुबे कॉलेज के प्रचार डॉ राजीव महेश्वरी समस्त प्रोफेसर समस्त शिक्षक शिक्षिका आदि मौजूद रहे।

### नगर प्रशासन अब तक था खामोश, अब वितरित किए जा रहे जर्जर आवासों के लिए 16 नोटिस

# कलेक्टर ने दिए जर्जर भवन डिस्मेंटल के आदेश, नप ने शुरू किया नोटिस वितरण

**नर्मदापुरम कलेक्टर ने जिले में जर्जर शासकीय व अशासकीय भवनों में से जीर्ण-शीर्ण भवन डिस्मेंटल के निर्देश दिए हैं। चिंता की बात यह है कि कलेक्टर को इसके लिये निर्देश देने पड़ रहे हैं। जबकि नगरीय प्रशासन आयुक्त सिबि चक्रवर्ती एम मई 2025 में ही उक्ताशय के आदेश दे चुके हैं।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जानकारी अनुसार पिछले दिनों पूरे जिले के अधिकारियों की बैठक में नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीणा ने निर्देश दिए हैं कि जिला क्षेत्र में जितने भी शासकीय व अशासकीय आवास जीर्णशीर्ण स्थिति में हैं, उनका डिस्मेंटल किया जाए। डिस्मेंटल के लिए पहले देखा जाए कि आवास वाकई में गिरने की स्थिति में हैं। यदि सुधार की गुंजाइश भवनों में हो तो उनकी मरम्मत करने के निर्देश भी कलेक्टर मीणा ने दिए थे।

नर्मदापुरम-कलेक्टर सोनिया मीणा ने गत दिवस की बैठक दौरान चिन्हित भवनों में से जीर्ण शीर्ण भवनों को डिस्मेंटल करने तथा मरम्मत योग्य भवनों की जांच कर मजबूती सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। मीणा ने बैठक में निकायवार सभी सीएमओ ने जानकारी दी कि निकायों में भवनों का चिन्हांकन कर लिया गया है। समस्त भू स्वामियों एवं शासकीय विभागों को नोटिस के माध्यम से सूचित भी किया जा चुका है। पिपरिया, बनखेड़ी, माखनगर अंतर्गत जीर्ण शीर्ण भवन तोड़ने की कार्यवाही भी की गई है। लेकिन मामले में सोहागपुर नप की स्थिति गय सप्ताह तक अस्पष्ट थी।

### जबकि आ चुका है पत्र

उल्लेखनीय है कि संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास मप्र भोपाल के आयुक्त सिबि चक्रवर्ती एम ने उक्ताशय का पत्र क्रमांक 5091 छह मई 2025 को जारी किया था। नगरपालिका व निगम आयुक्तों एवं नप सीएमओ को प्रेषित पत्रानुसार मप्र के नगरों में खतरनाक भवन या उनके जर्जर हिस्से हटाना है। पत्रानुसार यह कार्रवाई सामान्यतः बारिश के पूर्व की जाती है। पत्रानुसार मप्र नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 309, 310 व अधिनियम 1961 की धारा 221 अंतर्गत क्षतिग्रस्त भवनों के संबंध में कार्रवाई का प्रावधान है व जन धन की हानि रोकने उपरोक्त धाराओं के अनुसार कार्रवाई की जाए।

### अब वितरित हो रहे नोटिस

कलेक्टर के निर्देश के बाद अब सोहागपुर नप द्वारा नोटिस वितरित किए जा रहे हैं। वर्तमान सप्ताह में 16 नोटिस वितरण की तैयारी है। सोहागपुर नप से प्राप्त जानकारी अनुसार 16 में से 15 नोटिस निजी भवनों के लिए दिए जा रहे हैं। जबकि एक नोटिस वन विभाग के परिक्षेत्र अधिकारी को दिया जाएगा। सोहागपुर के वन परिक्षेत्र कार्यालय अंतर्गत पांच आवास काफी जर्जर स्थिति में बताए गए हैं, जिनके डिस्मेंटल अथवा सुधार के नोटिस नप सोहागपुर अब वितरित कर रही है। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने उक्त आशय का समाचार भी 29 जून 2025 को प्रकाशित किया था कि स्थाई सीएमओ नहीं होने के बाद कारण सोहागपुर नप जर्जर आवासों को लेकर कार्रवाई नहीं कर पा रही है।

## एक जर्जर मकान ढहाया, 4 को खुद गिराने दिया समय



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर पालिका के दल ने शुक्रवार को बालाजी मंदिर एरिया में एक जर्जर मकान को जेसीबी मशीन से ढहा दिया, चार अन्य ऐसे मकान के मालिकों को स्वयं ढहाने के लिए मांगने पर वक्त दिया गया है।

बता दें कि नगर पालिका इन लोगों को पूर्व में अपने मकान गिराने का नोटिस दे चुकी थी। जब नोटिस की समयावधि पूरी हुई तो आज नगर पालिका के दल ने पहुंचकर बाजाजी मंदिर चौराह पर मुन्नालाल चौहान का मकान गिराया है। इसी क्षेत्र में अभिषेक को चौबीस घंटे का वक्त दिया है, जो स्वयं इसे गिराएंगे। इसी तरह से अनिल कुमार शुक्ला मालवीयगंज के मकान में किरायदार निवासरत है, भवन मालिक को स्वयं तोडऩे निर्देशित किया है।

इसी दौरान मनजीत सिंह अमरीक सिंह ने स्वयं तोडऩे के लिए कहा, जिसे तोडऩे को कहा गया। मांगीलाल जैन ने सात दिनों के भीतर मकान की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया है। दी गई मियाद में यदि ये लोग मकान को नहीं गिराते या मरम्मत नहीं कराते हैं तो नगर पालिका स्वयं इन मकानों को गिराने की कार्रवाई करेगी।

### मीडिएशन जागरुकता शिविर का किया आयोजन

**सोहागपुर।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश अनुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में सतत रूप से जिले में मीडिएशन जागरूकता शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को मीडिएशन जागरूकता शिविर का आयोजन सोहागपुर तहसील अधिवक्ता संघ के सभा कक्ष में आयोजित किया गया। शिविर में द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश सुरेश कुमार चौबे, न्यायिक मजिस्ट्रेटद्वय संगीता मौर्य व तेज।दीप सिंह सासन की उपस्थिति में किया गया जिसमें न्यायाधीशों ने मीडिएशन जागरूकता के बारे में सभी उपस्थित लोगों को जानकारी दी। न्यायाधीशों ने सभी को बताया कि न्यायालय में लंबित प्रकरणों का निराकरण मध्यस्थता के माध्यम से कराए जाने पर समय व धन की बचत होती है। साथ ही सभी पक्ष इससे लाभान्वित होते हैं।

## डीआरएम ने पवारखेड़ा खंड का निरीक्षण किया, इटारसी स्टेशन की व्यवस्था देखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



भोपाल रेल मंडल के प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के नेतृत्व में रेलवे की टीम ने शुक्रवार को नर्मदापुरम से पवारखेड़ा-इटारसी रेल खंड का सघन निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य रेलवे संरक्षा, संरचना और परिचालन मानकों की गहन समीक्षा करना था। श्री त्रिपाठी ने नर्मदापुरम स्टेशन की संरक्षा व्यवस्थाओं, यात्री सुविधाओं एवं परिचालन से जुड़े विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया।

टावर वैगन से नर्मदापुरम से पवारखेड़ा-जुझारपुर-पवारखेड़ा खंड में अप एवं डाउन फ्लाईओवर लाइनों की स्थिति, संरचना की मजबूती, मिट्टी कटाव को रोकने एवं तकनीकी मानकों का बारीकी से अवलोकन किया। मंडल रेल प्रबंधक पवारखेड़ा होते हुए इटारसी स्टेशन पहुंचे, जहां स्टेशन की परिचालन गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने क्रू लॉबी में लोको पायलट से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और संरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) ऋतुराज शर्मा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (दक्षिण) अभिषेक मिश्रा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (टीआरडी) अमित पटेल, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (सामान्य) संजय मानोरिया, उप मुख्य अभियंता प्रथम नितिन वर्मा, वरिष्ठ मंडल अभियंता (कर्षण परिचालन) सचिन शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मंडल रेल प्रबंधक ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि संरक्षा, रखरखाव और परिचालन की सभी प्रक्रियाओं को और अधिक सुदृढ़ और व्यवस्थित बनाया जाए ताकि यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा सके।

## किराया जमा न करने पर की छावनी परिषद ने कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

छावनी परिषद पचमढ़ी द्वारा किराया जमा न करने पर दुकानदारों पर पीपीइ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। छावनी परिषद पचमढ़ियों ने कार्रवाई करते हुए कुल 38 दुकानदारों के विरुद्ध नोटिस जारी किया है उक्त दुकानदारों की पेशी स्टेट ऑफिसर के समक्ष रखी गई। स्टेट ऑफिसर द्वारा दुकानदारों को बकाया राशि अनिवार्य रूप से जमा करने का निर्देश दिया गया है।साथ ही समस्त दुकानदारों को निर्देशित किया गया है कि वह अपनी दुकान के किराए का भुगतान निर्धारित अवधि में नियम अनुसार करें।

## जावली प्रधानमंत्री सड़क में अनगिनत गढ्ढे ग्रामीणों के साथ राहगीर हो रहे हैं परेशान





हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर स्टेट हाईवे 22 से जावली रोड पर अनगिनत गड्ढे हो गए हैं जिससे ग्रामीणों को आवा गमन में काफी परेशानी उठाना पड़ रहा है।

ढाई किलोमीटर प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत का निर्माण 2009 में शुरू हुआ था जिसकी एक बार 2021में मरम्मत भी की जा चुकी है उसके बाद विभाग ने कभी इस सड़क की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया ग्राम के लोगों ने बताया सड़क पर पैदल भी आना जाना मुश्किल हो रहा है बाजू से कोई वाहन निकलता है तो कीचड़ कपड़ों पर पड़ता है स्कूल जाने वाले बच्चों के ड्रेस कीचड़ और बारिश के पानी से खराब हो जाती हैं

ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत करने के लिए कलेक्टर को आवेदन दिया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हई सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की गई मरम्मत तो करना दूर और सड़क में गड्ढे और ज्यादा हो गए हैं।

सीएम हेल्पलाइन में कोई कार्रवाई नहीं हुई मैसेज आता है आपकी समस्या का निराकरण कर दिया जबकि समस्या जस की तस बनी हुई है ग्रामीण अति शीघ्र सड़क मरम्मत की मांग की है।

## मवेशी बाजार बना अवैध पार्किंग स्थल, मचा कीचड



हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर

ब्लॉक की बड़ी ग्राम पंचायत शोभापुर का मवेशी बाजार अस्त-व्यस्त स्थिति में है। ग्रापं कार्यालय के ठीक सामने स्थित मवेशी बाजार का सीमेंटकरण हो चुका है। लेकिन यह अवैध पार्किंग स्थल बन चुका है। जहां पर लोग अपने वाहन पार्क करते हैं व परिसर में कीचड़ फैला हुआ है। शोभापुरवासियों के अनुसार मवेशी बाजार का उपयोग लोग निजी रूप में अधिक करते हैं। मामले में शोभापुर ग्राम पंचायत सचिव की कार्रवाई को लेकर ग्रामवासियों की प्रतिक्रियाएं नकारात्मक मिली हैं।

## राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड में ग्रामीण अंचल के होनहार छात्र गोविंद कुशवाहा का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

समीपस्थ ग्राम खांडा देवरी की हाई स्कूल मैं अध्यनरत छात्र गोविंद कुशवाहा का चयन राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड योजना में हुआ है

विदित हो कि इंस्पायर अवार्ड मानक योजना 2024-25 का जिला स्तरीय आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नर्मदापुरम में हुआ जिसमें चयनित लगभग 1000 मॉडल का प्रदर्शन किया। निर्णायक समिति एवं दिल्ली की सामाजिक संस्था से आई प्रतिनिधि द्वारा निर्णय दिया गया। जिसमें 7 स्कूल के मॉडल एव छात्रों चयन राज्य स्तरीय पतियोगिता के लिए किया गया ,इसी तारतम्य में शासकीय हाई स्कूल खाडादेवरी के छात्र गोविंद कुशवाहा/पतिराम




कुशवाहा कक्षा 7वीं का चयन हुआ। अब ये छात्र अपने मॉडल ' बाइक विंड शील्ड का प्रदर्शन करेगा।

इस मॉडल में मार्गदर्शक शिक्षक रामेश्वर प्रसाद मेहर एवं प्राचार्य ने विद्यार्थी का मार्गदर्शन किया एवं जिला स्तर प्रतियोगिता में सम्मलित करवाया। इस उपलब्धि से पालक एवं क्षेत्र के ग्रामवासियों में खुशी की लहर है, स्कूल से प्राचार्य डॉक्टर अर्चना तिवारी ने बधाई दी। साथ ही स्टाफ में पंकज दुबे, राजेश साहू, सुमन डोंगरे, दुर्गा शाह, बृजेश मेहर,रितु साहू आदि एवं अन्य संस्थाओं के शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई प्रेषित की है।

### शासकीय स्कूल में नहीं हो रही पढ़ाई, परिजन परेशान

**पिपरिया।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र के अंतर्गत शहर में अनेकों स्कूल सरकारी संचालित है लेकिन मोबाइल मैं शिक्षकों कोछुट होनेके कारण शिक्षक शिक्षिका मोबाईलमेंलगे रहते हैं। जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रहीहैहै। नगर पालिका परिषद कार्यालयके नीचे जयप्रकाश साल संचालित है। यहां पर पढ़ाई का उदाहरण संदीपनी विद्यालयमे कक्षा पांचवीमे अपने पोते को प्रवेश दिलाने के लिए रामविलास रघुवंशी पहुंचे थे। लेकिन संदीपनी विद्यालय केप्राचार्य संजीव दुबे एवं शिक्षक पी,एन, दुबे मैं छात्र की मौखिक परीक्षा ली तो कक्षा पांचवी के बालक को अपना नाम लिखना हिंदी में नहीं आया। इस कमजोरीके कारण बालकका प्रवेश नहीं नहीं हो सका। इस तरह से नगर के स्कूलोंमें हजारा रूपये वेतन लेने वाले शिक्षक शिक्षिका बच्चों को पढ़ा रहे हैं।

## कुसुम महाविद्यालय में हुआ दीक्षारंभ समारोह का समापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी के मार्गदर्शन में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेश उत्सव के अंतर्गत तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का समापन किया गया समापन कार्यक्रम में प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित करने एवं लक्ष्य प्राप्ति के लिए सतत प्रयास करने हेतु प्रेरित किया निरंतर प्रयास से ही सफलता अर्जित की जा सकती है ऐसा गुरु मंत्र प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को दिया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्रवेश नोडल अधिकारी डॉ ए के यादव ने विद्यार्थियों को नवीन शिक्षा नीति की जानकारी दी गई।

### मेधावी विद्यार्थियों को मिली लैपटॉप की राशि

## भारत के भविष्य अर्थात बच्चों के विकास के संकल्पित है मप्र सरकार : विधायक विजयपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की गत वर्ष की कक्षा 12 वीं की परीक्षा में 75% व अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थी पुरस्कृत किये गए हैं। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को बच्चों को लैपटॉप की राशि दी है। सोहागपुर में विवेकानंद स्कूल में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम विधायक विजयपाल सिंह की उपस्थिति में किया गया।

विधायक विजयपाल सिंह ने सभी चिन्हित बच्चों को राशि के चेक के प्रतीक प्रदान किये। इस अवसर पर विधायक ने सभी पुरस्कृत बच्चों को बहुत बधाई दी। विधायक ने सभी बच्चों पर पुष्प वर्षा की। विधायक सिंह ने कहा कि सभी बच्चे सुदृढ़ भारत का भविष्य हैं। और इस भविष्य को उत्कृष्टता देने के प्रयास मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सतत रूप से कर रहे हैं। कार्यक्रम दौरान विधायक ने सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विवेकानंद एकेडमी परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान को समर्पित पौधारोपण आयोजन भी किया गया।

## मुस्कान बालिका गृह से भागी 4 बेटियां, सकुशल की बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मुस्कान बालिका गृह, जो कि निराश्रित और प्लेटफार्म पर रहने वाले असहाय बच्चों के लिए संचालित है, वहा रहने वाले बच्चे अक्सर अपने पुराने जीवन की आदतों के कारण समूह बनाकर भागने की योजना बनाते हैं। ऐसा ही एक मामला बीती रात सामने आया, जब मुस्कान संस्था में रहने वाली चार बेटिया रात्रि 8:00 बजे भोजन के दौरान मौका पाकर निकल गईं। घटना की जानकारी मिलते ही संस्था प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला ने तत्परता दिखाते हुए सभी संबंधित विभागों को बच्चों की फोटो और पूरी सूचना तत्काल साझा कर दी। स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच की गई। लगातार चलाए गए सघन सर्च ऑपरेशन और पुलिस विभाग की तत्परता के चलते रात्रि लगभग 4:00 बजे चारों बेटियों को सकुशल ढूंढ लिया गया और वापस मुस्कान बालिका गृह में लाया गया। बच्चों के सुरक्षित लौटने से संस्था परिवार और प्रशासन ने राहत की सांस ली।

## पिपरिया श्री राम जानकी मंदिर की चार दुकानें खाली करने के उच्च न्यायालय ने दिए आदेश

**पिपरिया।** नगर में सर्वाधिक मंगलवारा थाने के पास श्री देवराम जानकी मंदिर है जिसमें लगभग 60दुकाने है लेकिन महंत यंगेश्वर दास ने बताया कि मात्र 4दुकानदार ही किराए का भुगतान करते हैं। किराया भी 50साल पुराना है 150से लेकर 200रूपे तक ही है।में बजार है । जिसमें लगभग दुकानदार अवैध रूप से कब्जा करना चाहते हैं। इसलिए किराया भी नहीं दे रहे हैं। इसलिए पिपरिया अनुविभागीय दंडाधिकारी से लेकर जबलपुर न्यायालय तक पहुंचा दिया गया है। जबलपुर न्यायालय ने 4दुकान खाली करने के आदेश जारी किए हैं।इस हेतु प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट शालिनी मिश्रा शुक्ल के द्वारा आदेश जारी कर 4 कर्मचारी मौके पर पहुंचे और चंद्र प्रकाश अग्रवाल मधुर मिलन होटल जिसे लोग धूमाजी की होटल के नाम से संबोधित करते हैं। अन्य मे महेश विश्वकर्मा, विजय जायसवाल, अभिषेक गुप्ता की दुकान खाली कराने हेतु न्यायालय से राजेश नरवारे देवेन्द्र चौहान महेश वाथरे, पहुंचे तो होटल संचालक फरार हो गए लड़के भी एक कर्मचारी को विठालकर घंटों इंतजार के बाद संचालक नहीं लौटे तो पुलिस बल तैनात के लिए कर्मचारी थाने पहुंचे। लेकिन कुछ देर बाद सुत्रोंसे जानकारी मिली की होटल संचालक ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दाखिल किया है।जो खारिज कर दिया गया है।पर न्यायालय ने 30अगसत 2025तक बरसात के कारण रोकने के आदेश जारी किए हैं। इसलिए कोई भी दुकान खाली नहीं कराई गई। दुकानदार अपनी दुकान बंद कर वहीं घूमते रहे।


## आवश्यकता है

पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय सोहागपुर में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मापदंडों के अनुसार कॉलेज कोड 28 के तहत् निम्न पदों पर योग्य व्यक्ति नियुक्त किये जाने हैं।

| विषय | पद | विषय | पद |
|---|---|---|---|
| 1. अंग्रेजी | 01 | 7. जीव विज्ञान | 01 |
| 2. इतिहास | 01 | 8. रसायन शास्त्र | 01 |
| 3. अर्थशास्त्र | 01 | 9. भौतिक शास्त्र | 01 |
| 4. वाणिज्य | 02 | 10. पीजीडीसीए/ एम.एससी (सीएस) | 02 |
| 5. गणित | 02 | | |
| 6. वनस्पति शास्त्र | 01 | 11. बीबीए/एमबीए | 02 |

सभी पदों पर आवेदन देने की अंतिम तिथि 30 जुलाई 2025 है।

संपर्क :
पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय
सोहागपुर, जिला नर्मदापुरम् (म.प्र.)
पिन : 461771

सचिव
सोहागपुर शिक्षा समिति, सोहागपुर

## खबर संक्षेप




### बिना फिटनेस संचालित 1 स्कूल बस जब्त

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर हरदा जिले के विभिन्न मार्गों पर विशेष चेकिंग अभियान आयोजित कर वाहनो को चेक किया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी राकेश अहाके ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान बकाया कर, बिना पंजीयन, अस्पष्ट रूप से पंजीयन क्रमांक अंकित होने, बिना बीमा, बिना पीयूसी, बिना फिटनेस और बिना परमिट के संचालित यात्री बस, स्कूल बस, ऑटो रिक्शा एवं लोडिंग वाहन, डम्पर वाहनो की चेंकिग की जा रही है। इसी क्रम में गुरूवार को खिरकिया में स्कूलों बसों की जांच की गई। जांच के दौरान बिना फिटनेस संचालित 1 स्कूल बस को जप्त कर कार्यालय में खड़ा किया गया तथा अन्य वाहनों पर मोटरयान अधिनियमों का उल्लंघन करने पर चालानी कार्यवाही कर 9500 रूपये शमन शुल्क वसूल किया गया। इस दौरान वाहन चालको को नियमों का पालन करते हुए वाहन संचालन की हिदायत दी गई।

### हत्या के दोषी को उम्रकैद की सजा

**रहटगांव।** थाना क्षेत्र के ग्राम जिजगांव में हुई हत्या के मामले में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश ने फैसला सुनाया है। आरोपी राकेश शर्मा को आजीवन कारावास की सजा दी गई है। अतिरिक्त लोक अभियोजक विपिन सोनकर ने बताया कि आरोपी राकेश को अपनी पत्नी का पड़ोसी रामकृष्ण के साथ अवैध संबंध होने का शक था। इसी शक में 15 मई 2021 को उसने दराती से रामकृष्ण पर हमला कर उनकी हत्या कर दी। आरोपी ने मृतक की पत्नी पुष्पाबाई और बेटे आयुष पर भी हमला किया। पुष्पाबाई को आंख के पास और हाथ में चोटें आईं। आयुष के दोनों हाथों और पैरों से खून बह रहा था। घटना की सूचना पर प्रदीप शर्मा और नीरज शर्मा मौके पर पहुंचे। आरोपी वहां से भाग गया और जान से मारने की धमकी देकर गया। घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने रामकृष्ण को मृत घोषित कर दिया। रहटगांव थाना पुलिस ने धारा 307, 302, 452 और 506 के तहत केस दर्ज किया। अदालत ने सभी सबूतों और गवाहों के बयान के आधार पर आरोपी को दोषी करार दिया। कोर्ट ने हत्या के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मृतक की पत्नी और बेटे पर प्राणघातक हमला करने के लिए दस-दस साल का सश्रम कारावास और साढ़े चार हजार अर्थदंड भी लगाया है।

### रोजगार मेला युवा संगम 10 को लगेगा

**हरदा।** निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये शासकीय आईटीआई हरदा में एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि यह मेला 10 जुलाई को प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में बेरोजगार युवक युवतियों की भर्ती की जायेगी। इस रोजगार मेले में 5 वी, 8वी, 10वी, 12वी, आईटीआई डिप्लोमा, स्नातक व स्नातकोत्तर उत्तीर्ण 18 से 35 वर्ष तक की आयु के युवा भाग ले सकते है।


### मदिरा के अवैध विक्रय के 9 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में आबकारी विभाग के दल ने गुरूवार को मदिरा के अवैध विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण व परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी रीतेश कुमार लाल ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने हरदा के खेड़ीपुरा व टंकी मोहल्ला, ग्राम झुण्डगांव, नकवाड़ा, सिरकम्बा, मगरधा, भवानी ढाबा दुलिया व गौर ढाबा आलमपुर में दबिश दी। दबिश के दौरान 20 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, 27 पाव देशी शराब, 11 पाव अंग्रेजी शराब एवं 230 किलो महुआ लाहन जप्त कर कुल 9 प्रकरण दर्ज किये।

---

### विद्यार्थी समाज एवं राष्ट्र के पुनरूत्थान के लिये पढ़ाई करें: विश्वास सारंग

# हरदा जिले के 652 विद्यार्थियों के खाते में लैपटॉप की 25 हजार की राशि अंतरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सहकारिता और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री और हरदा जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि विद्यार्थी समाज एवं राष्ट्र के पुनरूत्थान के लिये अध्ययन करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में अनेक विकास कार्य किये जा रहे है।

उन्होंने कहा कि यह बड़ी प्रसन्नता की बात है कि आज प्रदेश के 94 हजार 234 बच्चों के खाते में लगभग 235 करोड़ रूपये की राशि लेपटॉप के लिये जमा की जा रही है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष लेपटॉप प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है। यह हमारी बेहतर शिक्षा और व्यवस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर मध्यप्रदेश को स्वर्णिम मध्यप्रदेश बनाना है। मंत्री श्री सारंग शुक्रवार को हरदा जिले के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय लैपटॉप वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के जरिये प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत विद्यार्थियों के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से लेपटॉप की राशि अंतरित की। इस अवसर पर मंत्री श्री सारंग ने हरदा जिले के लैपटॉप की राशि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्यार्थियों प्रोत्साहित करते हुए राशि से लेपटॉप की खरीदने को कहा। इस योजना से अन्य विद्यार्थी भी प्रोत्साहित होंगे।

#### मोदी के नेतृत्व में देश निरन्तर विकास कर रहा

मंत्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरन्तर विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य देश को विश्व में बेहतर बना सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई कर देश के विकास में योगदान दें। उन्होंने कहा कि पढ़ाई केवल पैसा कमाने, घर एवं कॅरियर बनाने के लिये नहीं करें बल्कि देश और समाज के पुनुर्त्थान के लिये करें।जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गेहलोत, नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेड़िया, उपाध्यक्ष नगर पालिका हरदा अंशुल गोयल, जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, पूर्व विधायक संजय शाह, बाल अधिकार आयोग सदस्य अनुराग पाण्डे, कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी, जिला परियोजना समन्वयक बलवन्त पटेल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि व विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

#### इन छात्रों को मिली राशि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत लैपटॉप की राशि वितरण कार्यक्रम में प्रदेश के 94 हजार 234 विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिये 235 करोड़ 58 लाख 50 हजार रूपये की राशि अंतरित की। इस अवसर पर हरदा जिले के 652 विद्यार्थियों के खाते में राशि अंतरित की गई। प्रभारी मंत्री ने जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रतीक स्वरूप जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थी दीपिका परते, तोशिफा शेख, तरन्नुम शेख, प्रिया प्रजापति, रिया प्रजापति, प्रमती चौहान, रानू बरखड़े, निकिता कौशल, मयंक बुंदेल, राहुल मालवीय व पीयूष मात्रे को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से चर्चा भी की। जिला स्तरीय कार्यक्रम में भोपाल में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया।

#### इंडोर स्टेडियम का किया लोकार्पण

मंत्री सारंग ने कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा निर्मित हरदा एवं टिमरनी के इंडोर स्टेडियम का लोकार्पण भी किया। प्रत्येक इंडोर स्टेडियम की लागत 1.69 करोड़ रूपये है। मंत्री सारंग ने कहा कि इन इंडोर स्टेडियम से खिलाड़ियों को बैडमिंटन, टेबल टेनिस, बास्केटबॉल, जिम, जिम्नास्टिक जैसी सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि यह स्टेडियम क्षेत्र के युवाओं को महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेंगे। इन स्टेडियम के जरिये खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को निखार कर क्षेत्र का गौरव बढ़ा सकेंगे।

#### गंजालेश्वर महादेव मंदिर में किया पूजन

**रहटगांव।** प्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग ने जिले के प्रवास के दौरान छिदगांव मेल-पिपल्या कला स्थित प्राचीन श्री गंजालेश्वर महादेव मंदिर में पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर प्रांगण में पौधरोपण कर हरियाली संवर्धन का संकल्प भी दिलवाया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कमल पटेल, जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, पूर्व विधायक संजय शाह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

---

### मेधावी विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना

## लैपटॉप खरीदने के लिए छात्रों के बैंक खाते में डाले रुपए




**खंडवा।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हायर सेकंडरी परीक्षा वर्ष 2024-25 में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 94,234 विद्यार्थियों के खाते में एक क्लिक से 25-25 हजार रुपए की राशि ट्रांसफर की। यह राशि उन्हें मेधावी विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत लैपटॉप खरीदने के लिए प्रदान की गई है। खंडवा में इसका जिला स्तरीय कार्यक्रम मोतीलाल नेहरू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया।

विधायक कंचन तनवे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है और मेधावी विद्यार्थियों के सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी केवल पढ़ाई पर ध्यान दें, उनकी बाकी जिम्मेदारी सरकार निभाएगी। महापौर अमृता अमर यादव ने मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश, किताबें, मध्यान्ह भोजन, स्कूटी और लैपटॉप जैसी कई सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव शिक्षा के प्रति संवेदनशील हैं और उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कई योजनाएं लागू की हैं। जिला शिक्षा अधिकारी पी.एस. सोलंकी ने लैपटॉप राशि वितरण योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना से हजारों विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर विद्यार्थियों को सांकेतिक चेक प्रदान किए गए। जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े, नगर निगम अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नागार्जुन बी. गौड़ा, राजेश तिवारी, हरीश कोटवाले समेत जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

#### इन बच्चों को मिले लैपटॉप की राशि के प्रतीक चेक

जिन विद्यार्थियों को लैपटॉप की राशि के प्रतीक चेक प्रदान किए गए उनमें श्याम पिता मोहन निहाल, आयुष पिता नन्हेलाल, नव्या पिता मनोज सिंगला, करण पिता कांतीलाल राठौर, युवराज सिसोदिया, मुस्कान पिता रामलाल गुप्ता, मोहम्मद पिता असलम खान, ताहिर पिता जमिल खान, हमजा पिता अब्दुल समद, उम्मेनूर पिता रहमत, महक पिता राजेन्द्र सेजेकर, प्रिया पिता रामपाल, नूरसबा पिता बशीर कुरैशी, शीतल पिता भूपेन्द्र चौरे, महक पिता दिलीप रेवतानी शामिल रहे।

---




## मेधावी छात्रों को लैपटॉप की राशि दी

**खंडवा।** सांदीपनि विद्यालय, पंधाना में मुख्यमंत्री के डायरेक्ट टेलीकास्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर पंधाना की विधायक छाया मोरे की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को लैपटॉप और लैपटॉप समकक्ष 25,000 रुपये की धनराशि के चेक वितरित किए गए। यह सम्मान विधायक के हाथों विद्यार्थियों को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। पूर्व मंडल उपाध्यक्ष वीरेन चौरे, भूतपूर्व मंडल अध्यक्ष श्याम गंगराड़े, वर्तमान मंडल अध्यक्ष फकीरचंद कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल, जयपाल सिंह बंटी, भाई चुन्नीलाल, बी. पाटीदार, तहसीलदार, प्राचार्य तिवारी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ इस कार्यक्रम में शामिल रहा। इसके साथ ही कन्या शाला की प्रचार्य, छात्राएं तथा कम राय स्कूल के छात्र-छात्राएं भी कार्यक्रम में मौजूद रहीं। मुख्यमंत्री द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किए गए इस लाइव संबोधन को सभी उपस्थित जनों ने बड़े ध्यानपूर्वक सुना और सराहा। इस अवसर पर विधायक छाया मोरे ने मेधावी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें भविष्य में इसी तरह सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम विद्यालय परिसर में उत्साह एवं प्रेरणादायक वातावरण के साथ संपन्न हुआ।

---

### विद्यार्थियों को आमंत्रित कर कार्यक्रम का प्रसारण दिखाया गया

## 229 छात्र-छात्राओं के खाते में लैपटॉप के डाले 25 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया



समस्त शासकीय एवं अशासकीय हायर सेकंडरी स्कूल विकासखंड खिरकिया अंतर्गत प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना कार्यक्रम अंतर्गत विद्यार्थियों को लैपटॉप हेतु राशि का प्रदाय योजना कार्यक्रम विकासखंड स्तर के शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खिरकिया के सभा कक्ष में विद्यार्थियों को आमंत्रित कर कार्यक्रम का प्रसारण दिखाया गया एवं सम्मानित किया गया ।

जनपद पंचायत अध्यक्ष रानू दशरथ पटेल के मुख्य अतिथ्य में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना का आयोजन किया गया उन्होंने उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए खूब पढ़ने और आगे बढ़ने तथा देश सेवा करने की प्रेरणा दी कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मोहनलाल सोलंकी उपस्थित होकर सभी मेधावी विद्यार्थियों को बहुत-बहुत बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की । अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खिरकिया एसडीएम अशोक कुमार डेहरिया उपस्थित होकर उपस्थित मेधावी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी खूब पढ़े और बड़े-बड़े पदों में पदासीन हो आप डॉक्टर बने इंजीनियर बने कलेक्टर बने अगर आप लगातार पढ़ाई करते हो तो सफलता आपके कदम चूमेगी कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप रिछारिया ने मेधावी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ना सबसे सरल काम है अगर आप लगातार लक्ष्य बनाकर पढ़ोगे तो सफलता 100% मिलेगी और शासन की योजनाओं का लाभ भी आप सभी को मिलेगा आप पढ़ते रहें और आगे बढ़ते रहें इसी प्रकार प्रतिभाशाली विद्यार्थी बनते रहें उन्होंने बताया कि 229 छात्र-छात्राओं को उनके खाते में शासन द्वारा 25000 लैपटॉप की राशि वन क्लिक के माध्यम से मेधावी छात्र छात्राओं के खाते में सीधे हस्तांतरित की गई है उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय में यह संख्या विकासखंड खिरकिया में और बड़े पैमाने पर मेधावी विद्यार्थी की संख्या बढ़े आप सभी को हमारी तरफ से शुभकामनाएं कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष रानू दशरथ पटेल उपस्थित हुई उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए खूब पढ़ने और आगे बढ़ने तथा देश सेवा करने की प्रेरणा दी कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मोहनलाल सोलंकी उपस्थित होकर सभी मेधावी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी कार्यक्रम में शासकीय सांदीपनि विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य मुन्नालाल मालवीय ने भी मेधावी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी पीएम श्री एकीकृत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खिरकिया की प्रभारी प्राचार्य रचना राय ने उपस्थित होकर सभी को शुभकामनाएं दी कार्यक्रम में कुडावा प्राचार्य शरीफ खान ने भी सभी उपस्थित मेधावी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी मेधावी विद्यार्थियों एवं उनके माता-पिता पालक गणों को प्रसारण टीवी के माध्यम से दिखाया गया कार्यक्रम में मंच का संचालन अंकित अवस्थी ने किया तथा आभार प्रदर्शन सुनील कुमार सोंधिया के द्वारा किया गया।

---

### दोनों आरोपी कटनी में रहते

## ग्राहक बनकर चोरी करते थे पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



पुलिस ने किराना दुकान से चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले कटनी के दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने 17 जून को प्रताप टॉकीज के पास स्थित अन्नापुरा कॉम्प्लेक्स की एक दुकान में ग्राहक बनकर घुसकर करीब 20 हजार रुपए का सामान चोरी किया था। चोरी की इस वारदात में दोनों आरोपी पहले ग्राहक बनकर दुकान में घुसे। उन्होंने कुछ सामान निकाला और फिर जानबूझकर उन वस्तुओं की सूची बनवाई जो दुकान में उपलब्ध नहीं थीं। दुकानदार जब वह सामान लेने बाहर गया, तब तक दोनों आरोपी दुकान से महंगे गुटखे, सिगरेट और अन्य सामान उठाकर फरार हो गए। फरियादी गोविंदराम तलरेजा की शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 303(2) में मामला दर्ज किया। सिटी कोतवाली टीआई प्रह्लाद सिंह मर्सकोले ने बताया कि टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज, होटल और ढाबों की जांच की। इसी दौरान पुलिस को दोनों संदिग्ध शहर के एक लॉज में ठहरे हुए मिले। साइबर सेल की मदद से हुई पहचान लॉज के रजिस्टर से मिले मोबाइल नंबर के आधार पर साइबर सेल की मदद से दोनों की पहचान की गई। आरोपी शिवनंदन तिवारी (42), निवासी जाकिर हुसैन वार्ड, कटनी और आनंद चंद्रवानी (31), निवासी रावट लाइन, थाना माधवनगर, कटनी को गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि शिवनंदन तिवारी के खिलाफ हरदा के अलावा जबलपुर, पन्ना और सतना जिलों में पहले से मामले दर्ज हैं। वहीं आनंद पर कटनी में पांच और सतना में एक आपराधिक मामला दर्ज है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी दुकानदार से होटल या ढाबा खोलने की बात करते थे। सौदेबाजी कर पहले सामान बाहर निकलवाते और फिर एक आरोपी दुकानदार को किसी विशेष वस्तु के लिए भेज देता। उसी दौरान दूसरा आरोपी दुकान से महंगे गुटखे और सिगरेट चोरी कर लेता। सामान को ग्रामीण इलाकों की दुकानों में सस्ते दामों पर बेच देते थे।

---

### अनियमित खड़े वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी

## ट्रैफिक सुधारने नपा ने खरीदा टो वाहन




**हरदा।** नगर पालिका ने शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के उद्देश्य से 30 लाख रुपए की लागत से खरीदे गए टो वाहन का शुक्रवार को लोकार्पण किया। इस वाहन का लोकार्पण जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग ने किया। नगर पालिका ने यह टो वाहन करीब 25 दिन पहले खरीदा था, लेकिन लोकार्पण के अभाव में इसका उपयोग शुरू नहीं हो पाया था। अब इसके संचालन से बाजार क्षेत्रों में अनियमित रूप से खड़े वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी। नियम तोड़ने पर थाने ले जाई जाएगी गाड़ियां नई व्यवस्था के तहत, सड़क पर गलत तरीके से खड़े वाहन अब टो वाहन की मदद से सीधे थाने ले जाए जाएंगे। वाहन मालिक पर चालान और उठाने के खर्च की वसूली भी की जाएगी। शहर के मुख्य बाजार क्षेत्रों में वाहन कहीं भी खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनती है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा चौराहों पर जवान तैनात किए गए हैं।

---

### कलेक्टर ने बच्चों की योजनाओं की समीक्षा की

## बाल संरक्षण कार्य संवेदनशीलता से करें



**खंडवा।** जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। अध्यक्षता कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने की। बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में बाल संरक्षण कार्य अत्यंत संवेदनशीलता के साथ किया जाए और योजनाओं का लाभ जरूरतमंद बच्चों तक सुनिश्चित रूप से पहुंचाया जाए। जिला पंचायत के सीईओ नागार्जुन बी. गौडा, सहायक कलेक्टर कृष्णा सुशीर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ओपी जुगतावत, नगर निगम आयुक्त प्रियंका राजावत, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सहित बाल कल्याण समिति तथा किशोर न्याय बोर्ड के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कलेक्टर ने स्पॉन्सरशिप योजना, मिशन वात्सल्य, पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना तथा मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना की विस्तृत जानकारी ली।

---

### पूर्व कलेक्टर शिवराजसिंह वर्मा के प्रयासों के बावजूद नहीं बदली तस्वीर

# यहां पशु-आहार रखे कमरे में लगता है स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

तत्कालीन कलेक्टर शिवराजसिंह वर्मा के सख्त-निर्देशों और उनके व्यक्तिगत प्रयासों के बाद भी कुकड़िया मुहाल की तस्वीर नहीं बदली है और आजादी के दशकों बाद भी वह विकास की रोशनी से कोसों दूर हैं। वहां पहुँचने के लिए न सड़क है, न शुद्ध पानी, और न ही कोई रोजगार है। नौनिहालों का भविष्य भी पशु-आहार रखे कमरे तक ही सिमट गया है, जहां सर्व शिक्षा अभियान में उनका भविष्य संवारने का दावा किया जा रहा है। हरिभूमि में (अक्टूबर 2023 से) निरंतर ख़बरों के प्रकाशन से कलेक्टर ने अधिक रूचि दिखाई थी। यह आदिवासी फालिया, ग्राम पंचायत नरवट के अंतर्गत आता है और वहां पहुँचने के लिए दो रास्ते हैं,लेकिन एक भी सुरक्षित नहीं है। यहाँ से काठियाबंधान की ओर से उसकी दूरी 16 किमी है। जहां से 7 किमी कच्चा मार्ग है,जिसमें करीब 3 किमी घाट का रास्ता अत्यधिक खराब है जिसे जनपद और ग्राम पंचायत ने भी सुधारने के प्रयास नहीं किये। यह प्रतिनिधि वहां पहुंचा तो देश के भविष्य नौनिहाल, मैले-कुचले कपड़ों में दिखाई दिए, जिनके कोमल पैरों में चप्पलें तक नहीं थी।



**बारिश में पीते हैं मटमैला-दूषित पानी :** ग्रामीणों को शुद्ध-पेयजल प्रदाय करने के लिए सरकार कटिबद्ध दिखाई देती है और सरकार भारी भरकम बजट भी व्यय कर रही है। परन्तु कुकड़यिा मुहाल के बाशिंदे बारिश में नाले का मटमैला एवं दूषित पानी पीने के लिए विवश हैं। कई महिलायें और बालिकाएं नाले के झिरे से पानी भर रही थी। सरकीबाई,कमलीबाई,वेरलीबाई ने बताया कि अभी नाले में बाढ़ का पानी नहीं है,जिससे झीरा बंद नहीं हुआ है। आखिर क्या करें और कहाँ जाएँ।

#### इनका कहना है

धरती आबा योजना में जनजाति समुदाय के फालियों में सड़क,पानी और अन्य बहुत सारे काम शामिल किये हैं। जब भी स्वीकृति मिलेगी,सभी काम होंगे। फिर भी कुकड़िया मुहाल (नरवट) के बारे में आपने जो बताया है,मैं इसकी स्थिति को दिखवा लेती हूँ।

**भव्या मित्तल,** कलेक्टर खरगोन